कृपा है खूब तेरी | by Gouri Agarwal |

जय श्री श्याम, जय श्री श्याम, जय जय बाबा श्याम
कृपा है खूब तेरी खूब है आशीर्वाद
शत शत नमन तुमको तेरा हम करें धन्यवाद
कृपा है खूब तेरी.....

मेरी जिंदगी में क्या था तेरे बिना कन्हैया
हारे थे हम खुद ही से मंझधार मैं थी नया
गम की घटाओ से तूने किया आजाद
शत शत नमन तुमको तेरा हम करें धन्यवाद
कृपा है खूब तेरी.....

जय श्री श्याम, जय श्री श्याम, जय जय बाबा श्याम
जब से तेरी शरण में हमको मिला ठिकाना
खुशियों से भर गया है मेरा यह आशियाना
तुमसे ही है अब तो दुनिया मेरी आबाद
शत शत नमन तुमको तेरा हम करें धन्यवाद
कृपा है खूब तेरी.....

गलती पर गलती करना माना हमारी आदत
करते हो फिर भी बाबा मोहित कि तुम हिफाजत
तुम ही तो सुनते हो मेरी सदा फरियाद
शत शत नमन तुमको तेरा हम करें धन्यवाद
कृपा है खूब तेरी.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%96%e0%a5%82%e0%a4%ac-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-gouri-agarwal/